1. **निम्नलिखित में से कौन प्रजनन स्वास्थ्य का भाग नहीं है?**

   A. यौन रोगों की रोकथाम B. परिवार नियोजन

   C. पोषण संबंधी जागरुकता D. प्रजनन अधिकार (C)

*व्याख्या:* पोषण संबंधी जागरुकता सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित है, न कि विशेष रुप से प्रजनन स्वास्थ्य से।

2. **भारत में कौन-सा कार्यक्रम प्रजनन और बाल स्वास्थ्य पर केंद्रित है?**

   A. मिशन इंद्रधनुष B. पल्स पोलियो कार्यक्रम

   C. आरसीएच कार्यक्रम D. आईसीडीएस (C)

व्याख्या: आरसीएच (RCH) यानी प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व्यापक देखभाल प्रदान करता है।

3. **किसी दंपत्ति को कब बांझ (infertile) माना जाता है?**

   A. 1 वर्ष B. 2 वर्ष

   C. 6 महीने D. 3 वर्ष (A)

*व्याख्या:* 1 वर्ष तक नियमित असुरक्षित सहवास के बाद गर्भधारण न होने पर दंपत्ति को बांझ माना जाता है।

4. **निम्न में से कौन अस्थायी गर्भनिरोधक विधि है?**

   A. नसबंदी B. ट्यूबेक्टॉमी

   C. मौखिक गर्भनिरोधक गोलियाँ D. कॉपर-टी (C)

*व्याख्या:* मौखिक गोलियाँ हार्मोनल होती हैं और अस्थायी गर्भनिरोधक प्रभाव देती हैं।

5. **कौन-सी अवरोधक विधि यौन रोगों से भी सुरक्षा देती है?**

   A. आईयूडी B. मौखिक गोलियाँ

   C. कंडोम D. इम्प्लांट (C)

*व्याख्या:* कंडोम न केवल निषेचन को रोकता है, बल्कि यौन रोगों से भी सुरक्षा देता है।

6. **यौन संचारित संक्रमण (STIs) का एक लक्षण क्या है?**

   A. सूखी खाँसी B. पेट में दर्द

   C. पेशाब के दौरान दर्द D. जोड़ों में दर्द (C)

*व्याख्या:* पेशाब के दौरान दर्द सामान्यत: यौन संक्रमणों जैसे गोनोरिया का लक्षण होता है।

7. **गर्भपात (MTP) के पहले तिमाही में कौन-सी विधि उपयुक्त है?**

   A. कॉपर-टी B. हार्मोनल आईयूडी

   C. वैक्यूम अस्पिरेशन D. हिस्टेरेक्टॉमी (C)

*व्याख्या:* वैक्यूम अस्पिरेशन प्रारंभिक गर्भावस्था में चिकित्सकीय गर्भपात के लिए उपयोग की जाती है।

8. **एड्स (AIDS) का पूरा नाम क्या है?**

   A. अक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम

   B. एक्यूट इम्यूनिटी ड्रॉप सिंड्रोम

   C. अक्वायर्ड इन्फेक्शन डेफिशिएंसी सिंड्रोम

   D. एक्टिव इम्यून डिजीज सिंड्रोम (A

*व्याख्या:* AIDS का पूरा नाम है Acquired Immune Deficiency Syndrome, जो HIV वायरस से होता है।

9. **निम्न में से कौन-सा उपकरण आईयूसीडी (IUCD) के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

   A. कंडोम B. डायाफ्राम

   C. कॉपर-टी D. हार्मोनल गोलियाँ (C)

*व्याख्या:* कॉपर-टी सबसे सामान्यत: उपयोग किया जाने वाला आईयूसीडी है।

10. **एम्नियोसेंटेसिस (Amniocentesis) का उद्देश्य क्या है?**

    A. प्रजनन क्षमता बढ़ाना B. यौन रोगों की रोकथाम

    C. भ्रूण लिंग और आनुवंशिक दोष जानना

    D. मासिक धर्म को नियंत्रित करना (C)

*व्याख्या:* एम्नियोसेंटेसिस भ्रूण के लिंग और आनुवंशिक दोषों की पहचान के लिए प्रयोग होता है, लेकिन इसके दुरुपयोग के कारण इस पर कानूनन रोक है।


मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App